amarujala.com
अमर उजाला
मेरठ
मंगलवार
2 फरवरी 2021
महानगर वर्ष 53 : अंक 16 : पृष्ठ : 24 : मूल्य : पांच रुपये

PAGE NO,02 MIDDLE

खेल बजट में फिर खींचे हाथ

खेल प्रतिभाओं को सहूलियत देने के लिए बजट में कुछ खास नहीं

खिलाड़ियों की बात

खेलों के लिए 2596.14 करोड़ रुपये का बजट पिछले वर्ष के बजट से 8.16 प्रतिशत कम है। खिलाड़ियों ने बताया कि राष्ट्रीय खेल महासंघों को मिलने वाली सहायता राशि में इजाफा हुआ है, इस साल एनएसएफ का बजट 280 करोड़ है जबकि पिछले वित्त वर्ष में 245 करोड़ था। इस साल टोक्यो ओलंपिक का आयोजन होना है। लिहाजा खेलों के लिहाज से यह साल अहम है। फिर भी स्टेडियमों के नवीनीकरण और रखरखाव का बजट घटा दिया गया है। खिलाड़ी जुनैद अंसारी, रोहित चौहान, सूर्यांश, ऋषभ कुमार, सार्थक, रुद्र और अभिनय ने कहा कि ओलंपिक पर सरकार ध्यान देती है लेकिन खिलाड़ी तो निचले स्तर से ही राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, उन पर कब ध्यान दिया जाएगा। खेलो इंडिया का बजट को बढ़ाने की जरू रत है। खिलाड़ियों को ग्रामीण स्तर पर प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा तो वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक कैसे पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों के लिहाज से एक बार फिर निराश करने वाला बजट आया है।